दिन–शनिवार दिनांक– 09 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तरारी और रामगढ़ में जनसभाओं को संबोधित किया।

02. महागठबंधन के भी प्रमुख नेताओं ने उम्मीदवारों के समर्थन में वोट देने की अपील की।

03. छठ पर्व के बाद विभिन्न शहरों को लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेल और अन्य रेलमंडलों द्वारा चलाई जा रही हैं विशेष रेलगाड़ियां।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह नवम्बर को दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। जोर–शोर से चल रही हैं कार्यक्रम की तैयारी।

———————————————————————

विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रामगढ़ और तरारी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्र के चंडेश पंचायत सरकार भवन मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दो हजार पांच में सत्ता में आने के बाद भाजपा के साथ मिलकर राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। श्री कुमार कल बेलागंज और इमामगंज में भी चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, भाकपा – माले और विकासशील इंसान पार्टी के नेता लगातार चुनावी सभाएं कर रहे हैं। इधर, जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने कई स्थानों पर सभाओं का आयोजन किया। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

———————————————————————

राज्य में छब्बीस नवम्बर को होने वाले पहले चरण के पैक्स चुनाव के लिए ग्यारह से तेरह नवम्बर तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। नामांकन पत्रों की जांच चौदह से सोलह नवम्बर तक होगी। उन्नीस नवम्बर को नाम वापस लिये जा

सकते है। छब्बीस नवम्बर को मतदान होगा। संबंधित जिलाधिकारियों के निर्णय के अनुसार छब्बीस या सत्ताईस नवम्बर को मतगणना होगी। वहीं, सत्ताईस नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का कार्य तेरह से सोलह नवम्बर तक होगा।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने छठ पूजा के बाद बिहार से वापस जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। आकाशवाणी के साथ बातचीत में रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि रेल जोन के सभी प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए गये हैं।

———बाईट———

सीपीआरओ ने बताया कि यात्रियों को खाने–पीने की सुविधा सहित अन्य सहूलियत के लिए विभिन्न एनजीओ से भी बातचीत चल रही है।

———बाईट———

———————————————————————

छठ पूजा सम्पन्न होने के राज्य से लौट रहे लोगों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कटिहार रेल मंडल की ओर से कटिहार, पूर्णिया, जोगबनी और बारसोई समेत आधे दर्जन स्टेशनों पर बेहतर व्यवस्था की गई है। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशनों पर भारी भीड़ को देखते हुए यात्रियों के लिये होल्डिंग एरिया बनाया गया है। कटिहार रेल मंडल से होकर करीब पंद्रह पूजा स्पेशल ट्रेन गुजरेंगी, जबकि साथ ही करीब बीस पूजा स्पेशल ट्रेनें इस रेल मंडल से चलाई गई हैं।

———बाईट———

एडीआरएम ने बताया कि आज से प्रमुख स्टेशनों पर पंद्रह नवंबर तक के लिए प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

———बाईट———

———————————————————————

तेरह नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दरभंगा आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रधानमंत्री उस दिन दरभंगा में बनने वाले बिहार के दूसरे एम्स की आधारशिला रखेंगे। आज राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तथा भाजपा नेता मंगल पाण्डेय ने दरभंगा में इसको लेकर एक बैठक की। बैठक में स्थानीय सांसद गोपाल जी ठाकुर, राज्य सभा सांसद धर्मशीला गुप्ता समेत कई विधायक मौजूद थे। इन नेताओं ने एम्स निर्माण स्थल पहुंचकर तैयारियों के बारे में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित करने के लिए जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा तथा बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी गाँव गांव जाकर सभा कर रहे हैं। श्री झा ने कहा कि यह कार्यकम ऐतिहासिक होगा।

———बाईट———

————————————————————————

पूर्व आईएएस अधिकारी शिशिर कुमार सिन्हा को बिहार राज्य खेल विश्वविद्यालय, राजगीर का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। इस संबंध में खेल विभाग ने आज अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले श्री सिन्हा बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

————————————————————————

राजगीर शहर में ग्यारह नवंबर से शुरु होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी और मेहमानों की मेजबानी के लिए पूरी तैयार है। पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बिहारशरीफ नगर निगम के आयुक्त दीपक मिश्रा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि शहर के प्रमुख हिस्सों के अलावा विश्व शांति स्तूप तथा अन्य विरासत स्थलों को आकर्षक पेंटिंग से सजाया जा रहा है।

———बाईट———

————————————————————————

दो दिवसीय रैपिड पोस्टल चेस टूर्नामेंट की आज पटना में शुरूआत हुई। इस शतरंज प्रतियोगिता का उद्‌घाटन डाक सांस्कृतिक केंद्र में बिहार के पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में बारह जिलों के एक सौ पैंतीस प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को कुल पंद्रह पुरस्कार दिये जायेंगे। पोस्टल चेस टूर्नामेंट बिहार में शतरंज को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। डाक विभाग और बिहार शतरंज संघ संयुक्त रूप से इसका आयोजन कर रहा है।

———————————————————————————

सरकार ने हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार कर कई कदम उठाए हैं। इन कदमों के माध्यम से महिलाओं की समानता को बढ़ावा दिया गया है, जिससे कि अधिक महिलाएं स्वतंत्र रूप से हज यात्रा पर जा सकती हैं। महिलाओं के वास्ते हज यात्री सहायता कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस वर्ष जनवरी में एक द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। उसके अनुसार इस वर्ष भारत से एक लाख पचहत्तर हजार से अधिक हज यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया था। इसमें से लगभग एक लाख चालीस हजार हज यात्री हज कमेटी के माध्यम से हज पर गए थे।

———————————————————————————

सात दिनों तक चलने वाले प्रसिद्ध खगड़िया गौशाला मेले का आज शुभारंभ हुआ। उप विकास आयुक्त अभिषेक पलासिया ने गौ पूजन के बाद इस मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर गौशाला कमिटी के अध्यक्ष सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग, नगर सभापति श्रीमती अर्चना कुमारी, सचिव प्रदीप दहलान आदि ने खगड़िया गौशाला के वार्षिक उत्सव और गौ पूजन की महत्ता बताई। गौशाला कमिटी के अध्यक्ष अमित अनुराग ने कहा कि सोलह नवंबर तक चलने वाले खगड़िया जिले के इस ऐतिहासिक गौशाला मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इधर, बेगूसराय में गोपाष्टमी उत्सव गौशाला में मनाया गया। इस गौशाला ने स्थापना के एक सौ अड़तीस वर्ष पूरे कर लिये हैं। इस मौके पर राज्य के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, विधायक कुंदन कुमार, महापौर पिंकी देवी, गौशाला के सचिव विनोद हिसारिया समेत कई गणमान्य लोगों ने गौ माता की पूजा अर्चना की।

———————————————————————————

पटना के नेहरु पथ में बन रहे मौलाना आजाद स्मारक पार्क का ग्यारह नवम्बर को लोकार्पण किया जाएगा। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस पार्क में आने वाले लोग देश की आजादी में मौलाना अबुल कलाम आजाद के योगदान और व्यक्तित्व के बारे में जान सकेंगे।

———————————————————————————

आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। लोगों में कानूनी जागरूकता लाने और सभी नागरिकों, विशेषकर हाशिये पर रह रहे समुदायों के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर शेखपुरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सभी प्रखंडों में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक घर में हुई चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए चोरी के चार लाख सड़सठ हजार रुपए के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी के अन्य सामान के साथ चोर गिरोह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीस हजार के इनामी अपराधी विनय सहनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विनय सहनी पर जिले के रामगढ़वा थाने में कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा में एक व्यवसायी से पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बेगूसराय के बरौनी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या–पांच पर लखनऊ–बरौनी एक्सप्रेस की कंपलिंग खोलने के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई।

———————————————————————

अररिया जिले की बैरगाछी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान बहत्तर सौ प्रतिबंधित नशीले टैबलेट्स के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बरहेता गांव स्थित एक बगीचे से अपराध की योजना बना रहे तीन कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

आज रोहतास जिले का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास से प्रभातफेरी निकाली गई।

प्रभात फेरी में काफी संख्या में एनसीसी कैडेट्स सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा समाजसेवियों ने हिस्सा लिया।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तरारी और रामगढ़ में जनसभाओं को संबोधित किया।

02. महागठबंधन के भी प्रमुख नेताओं ने उम्मीदवारों के समर्थन में वोट देने की अपील की।

03. छठ पर्व के बाद विभिन्न शहरों को लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेल और अन्य रेलमंडलों द्वारा चलाई जा रही हैं विशेष रेलगाड़ियां।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह नवम्बर को दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। जोर–शोर से चल रही हैं कार्यक्रम की तैयारी।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।